# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (23.01.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:23.01.2025, PAGE-06

# कॉलेजों में छात्रों की रुचि कम, पीजी विभागों में सीट से अधिक आवेदन

**बीआरएबीयू**

- दाखिले के लिए विवि के पीजी विभाग ही छात्रों की पहली पसंद
- 23 हजार आवेदन में से 18 हजार पीजी विभाग के लिए आए

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में पीजी में दाखिले के लिए आवेदन करने वाले करीब 80 प्रतिशत छात्रों की रुचि पीजी विभागों में पढ़ने की है। पीजी में नामांकन के लिए अब तक 22 हजार 844 छात्रों ने आवेदन किया है। इनमें से 18 हजार छात्रों ने पीजी विभागों के लिए आवेदन किया है, बाकी चार हजार 844 छात्रों ने कॉलेजों के लिए आवेदन किया है। बीआरएबीयू के पीजी विभागों में चार हजार सीटें हैं। बाकी सीटें कॉलेजों में ही हैं।

विवि में 11 हजार सीटों पर पीजी में छात्रों के दाखिले लिए जाने हैं। दाखिले की अंतिम तिथि 25 जनवरी है। पीजी में सबसे कम चार आवेदन मार्केटिंग विषय में आया है। परसियन में पांच छात्रों ने आवेदन किया है। इतिहास सबसे अधिक 3334 आवेदन आए हैं। जूलॉजी में 2051 छात्रों ने आवेदन किया है। कॉमर्स के लिए 2340 आवेदन आए हैं। मानवीकी में हिंदी विषय में 1882 और अंग्रेजी में 1121 आवेदन आए हैं। सोशल साइंस में भूगोल विषय में 1516 आवेदन आए हैं। वहीं, रसियन के लिए15 ने ही आवेदन जमा किया है।

# क्रिकेट टूर्नामिंट में विवि की पहली जीत

मुजफ्फरपुर। काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय के मैदान में खेली जा रही अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय जय नेपाल टी-20 मेंस कप 2025 में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम ने बुधवार को पहली जीत दर्ज की। बीआरएबीयू की टीम ने राजर्षि जनक विवि नेपाल को 178 रन से हराकर प्रतियोगिता में दो अंक हासिल किए।

टीम की जीत पर विवि के कुलपति डॉ. डीसी राय, संजय सिन्हा, डॉ. कांतेश कुमार, महेन्द्र प्रसाद, तिरहुत शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय के सं. सचिव मनीष कुमार, डॉ. शक्तिवान सिंह ने सभी खिलाड़ियों, कोच व मैनेजर को बधाई दी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

# HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:23.01.2025, PAGE-06

## पांच कॉलेजों में शुरू होंगे नए वोकेशनल कोर्स

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि के पांच कॉलेजों में नए सत्र से वोकेशनल कोर्स शुरू होंगे। इसके लिए इन कॉलेजों ने आवेदन दिया है। विवि की सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि वोकेशनल कोर्स के प्रस्ताव को इम्पलीमेंट एंड मॉनिटरिंग सेल (आईएमसी) की बैठक में रखा जाएगा। फरवरी के पहले सप्ताह में बैठक होने की उममीद है।

आईएमसी की बैठक के लिए एजेंडा तैयार किया जा रहा है। कॉलेजों ने बीसीए-बीबीए के साथ कुछ सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के लिए भी आवेदन दिया है। कोर्स शुरू होने से पहले इन कॉलेजों में विवि के स्तर से जांच टीम जाएगी जो देखेगी कि कॉलेज में वोकेशनल कोर्स चलाने के लिए संसाधन हैं या नहीं।

## विवि में लगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया गया है। गणतंत्र दिवस पर इसको लहराया जाएगा। इसकी जानकारी प्रॉक्टर सह मीडिया प्रभारी विनय शंकर राय ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि विवि में पहली बार 100 फीट ऊंचा झंडा लगाया गया है। उधर, छात्र नेता महिपाल ओझा, पंकज सिंह, पंकज कुमार, रमण कुमार ने वन विभाग से झंडा लगाने के लिए पेड़ काटने की शिकायत की। इस पर वन विभाग की टीम विवि परिसर में जांच के लिए पहुंची। मामले पर प्रॉक्टर ने बताया कि कोई पेड़ नहीं काटा गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE:23.01.2025, PAGE-04

## विश्वविद्यालय के आंबेडकर पार्क में लहराएगा 100 फीट का तिरंगा



आंबेडकर पार्क में सौ फीट का तिरंगा लगाने की कवायद• जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के आंबेडकर पार्क में 100 फीट का तिरंगा लहराएगा। गणतंत्र दिवस से पहले इसे दर्शनीय बनाए जाने की तैयारी है। सबकुछ ठीक रहा तो एक से दो दिनों में राष्ट्रीय ध्वज लहराएगा। बुधवार को आबंडेकर पार्क में मैकेनिकों की टीम ध्वज का आधारस्तंभ खड़ा करने की कोशिश में जुटी रही। क्रेन की मदद से इसे खड़ा करने की कोशिश दिनभर हुई। इसे महाराष्ट्र से मंगवाया गया है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने पिछले वर्ष ही विश्वविद्यालय में 100 फीट का तिरंगा लगाए जाने की घोषणा की थी। इसकी तैयारी लंबे समय से की जा रही थी। वहीं आबंडेकर पार्क का सुंदरीकरण कार्य भी चल रहा है।

**तैयार होगी सांस्कृतिक टीम:** राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल होने वाली बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम का प्रशिक्षण 12 से 28 फरवरी तक होगा। इसमें विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम को तैयार किया जाएगा। इसके बाद टीम नोएडा की अमिटि यूनिवर्सिटी में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समन्वयक प्रो.इंदूधर झा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.01.2025, PAGE-04

## त्रिभुवन विवि में हो रही अंतर विवि जय नेपाल टी-20 क्रिकेट स्पर्धा

# बीआरएबीयू ने जनक विवि की टीम को 178 रनों से दी शिकस्त

- बीआरएबीयू टीम ने 212 रन बनाये, 34 रनों पर ऑलआउट हुई राजर्षि जनक विवि की टीम

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर



जीत के साथ बीआरएबीयू ने की शुरुआत.

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू नेपाल के क्रिकेट मैदान में अंतरराष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालय जय नेपाल टी-20 मेंस कप में बीआरएबीयू की टीम ने धमाकेदार जीत दर्ज की. बीआरएबीयू की टीम ने राजर्षि जनक विवि नेपाल को 178 रनों से हरा दिया. बीआरएबीयू की टीम को दो अंक मिले हैं. राजर्षि जनक विश्वविद्यालय नेपाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया. बीआरएबीयू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 212 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया.

बीआरएबीयू की ओर से चंद्र प्रकाश ने 49 गेंदों पर 71 रनों की विस्फोटक पारी खेली. वहीं विशाल राज ने नाबाद रहते हुए 17 गेंदों पर 44 रनों की पारी खेली. 213 रनों के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी राजर्षि जनक विवि नेपाल की पूरी टीम 11.4 ओवर में 34 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी. बीआरएबीयू की ओर से रोहन ने 2.4 ओवर में 6 रन देकर 4 विकेट चटकाये. विशाल राज 3 ओवर में 4 रन देकर 3 विकेट, इमरान हाशमी 3 ओवर में 15 रन देकर 2 विकेट व आदिल में 3 ओवर 7 रन देकर 1 विकेट लिया.

**विशाल राज को मैन ऑफ द मैच :** हरफनमौला प्रदर्शन के लिए विशाल राज को मैन ऑफ द मैच दिया गया. बीआरएबीयू का अगला मुकाबला बांग्लादेश से 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से खेला जायेगा. बीआरएबीयू की टीम यदि इसमें विजयी होती है तो सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी. बीआरएबीयू की शानदार जीत पर कुलपति डॉ दिनेश चन्द्र राय, खेल सलाहकार संजय सिन्हा, विवि खेल परिषद सचिव डॉ कांतेश, समन्वयक महेन्द्र प्रसाद, तिरहुत शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय के सचिव मनीष कुमार, प्राचार्य व प्रशिक्षण शिविर संयोजक डॉ शक्तिवान सिंह, कोच रंजन कुमार, मैनेजर सनी श्रीवास्तव ने बधाई दी है.

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE:23.01.2025
PAGE-04

## विवि में फहरायेगा 100 फुट ऊंचा तिरंगा

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर 100 फीट ऊंचा तिरंगा शान से फहरायेगा. इसको लेकर विश्वविद्यालय के आंबेडकर उद्यान में क्रेन की मदद से स्ट्रक्चर को खड़ा किया गया. इसे महाराष्ट्र से मंगवाया गया है. बताया गया कि उद्यान का सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है.